डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांकः-NIRF/05/2024 दिनांकः-12.11.2024

सेवा में,

कुलसचिव
डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय,
आगरा।

विषयः- एन0आई0आर0एफ0 पोर्टल में पंजीकरण कराने हेतु बैठक आहूत के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग-3 के पत्र संख्या 2887/सत्तर-3-2024 दिनांक 05 नवम्बर, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से सभी उच्च शिक्षण संस्थानों हेतु एन0आई0आर0एफ0-2024 में पंजीकरण की अंतिम तिथि दिनांक 07.11.2024 निर्धारित थी। जिसके सम्बन्ध में उप-कुलसचिव, सम्बद्धन के पत्रांक सम्ब0/694/2024 दिनांक 07.11.2024 तक विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को एन0आई0आर0एफ0 पोर्टल पर पंजीकरण हेतु कहा गया था।

उक्त के सम्बन्ध में एन0आई0आर0एफ0 पंजीकरण की तिथि 07.11.2024 से बढ़कर 14.11.2024 हो गयी है। इस सम्बन्ध में एन0आई0आर0एफ0 रैंकिंग के महत्व को देखते हुए प्रदेश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा एन0आई0आर0एफ0 पोर्टल पर निर्धारित तिथि तक अपना पंजीकरण सुनिश्चित किया जाना है।

इस संदर्भ में अवगत कराना है कि महाविद्यालयों को एन0आई0आर0एफ0 पोर्टल पर पंजीकरण कराने एवं उनको Step wise प्रक्रिया को समझाने हेतु विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय तथा अनुदानित महाविद्यालयों की बैठक दिनांक 13.11.2024 को अपराह्न 03:00 बजे एन0बी0 हॉल, आई0ई0टी0 संस्थान, स्वामी विवेकानन्द परिसर, खंदारी में आहूत होनी है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त बैठक को कराने हेतु अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें। इसके साथ ही समस्त राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों को उक्त बैठक की सूचना भी प्रेषित कराने का कष्ट करें। जिससे समस्त राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालय बैठक में प्रतिभाग कर सके।

(प्रो0 मनु प्रताप सिंह)
संयोजक
NIRF रैंकिग प्रक्रिया
12/11/2024

प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. प्रभारी, कुलपति सचिवालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. उप-कुलसचिव, सम्बद्धन विभाग।

(प्रो0 मनु प्रताप सिंह)
संयोजक
NIRF रैंकिग प्रक्रिया